Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# तुलनात्मक सरकार और राजनीति का परिचय

## ( Introduction to Comparative Government and Politics )

## B.P.S.C.-105

### B.A. Pol. Science (Hons.) - 3rd Semester

**Chapter Wise Reference Book Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

**C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of**

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Vaishali Gupta*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

Content

# तुलनात्मक सरकार और राजनीति का परिचय

## ( Introduction to Comparative Government and Politics )

*Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*

Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1
Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1
Question Paper–Exam Held in July-2022 (Solved) ........ 1-2
Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1-2
Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

*S.No.* *Chapterwise Reference Book* *Page*

**तुलनात्मक राजनीतिक की समझ (Understanding Comparative Politics)**

1. राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन की प्रकृति ........ 1
( Nature, Scope and Utility of Comparative Study of Politics )

2. तुलनात्मक विधि और तुलना की कार्यनीतियाँ ........ 16
( Comparative Method and Strategies of Comparison )

3. संस्थागत दृष्टिकोण ........ 29
( Institutional Approach )

4. प्रणाली दृष्टिकोण ........ 38
( Systems Approach )

5. राजनीतिक आर्थिक दृष्टिकोण ........ 53
( Political Economy Approach )

**आधुनिक सरकारों का संदर्भ (Context of Modern Government)**

6. पूँजीवाद और उदार लोकतंत्र का विचार ........ 66
( Capitalism and the Idea of Liberal Democracy )

7. समाजवाद और समाजवादी राज्य की कार्यप्रणाली ........ 77
( Socialism and the Working of the Socialist State )

8. उपनिवेशों की स्वतंत्रता और विकासशील विश्व में राज्य ..... 88
( Decolonization and the State in the Developing World )

**तुलनात्मक विश्लेषण की विषय-वस्तु (Themes for Comparative Analysis)**

9. यूनाइटेड किंगड्म (यू.के.) में संसदीय सर्वोच्चता एवं कानून की भूमिका ..... 99
( Parliamentary Supremacy and Rule of Law in UK )

10. ब्राजील में निर्भरता और विकास ..... 111
( Dependency and Development in Brazil )

11. संघवाद के तुलनात्मक दृष्टिकोण : ब्राजील और नाइजीरिया ..... 123
( Comparative Perspectives on Federalism: Brazil and Nigeria )

12. चीन में कम्युनिस्ट पार्टी की भूमिका ..... 134
( Role of Communist Party in China )

■ ■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

## तुलनात्मक सरकार और राजनीति का परिचय (B.P.S.C.-105)

**( Introduction to Comparative Government and Politics )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :** यह प्रश्न दो भागों में विभाजित है। किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक खण्ड से दो प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।*

### भाग-I

**प्रश्न 1. तुलनात्मक विधि के महत्त्व की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-17, 'तुलना की पद्धतियां', पृष्ठ-19, प्रश्न 1

**प्रश्न 2. व्यवस्था ( सिस्टम ) सिद्धांत की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-38, 'प्रणाली दृष्टिकोण'

**प्रश्न 3. चीन की राजनीतिक व्यवस्था में कम्युनिस्ट पार्टी के कार्य और उसकी भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-12, पृष्ठ-134, 'चीन की राजनीतिक व्यवस्था का ज्ञान'

**प्रश्न 4. निम्नलिखित पर टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) केस स्टडी विधि ( मेथड )**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-18, 'केस स्टडी'

**( ख ) हाउस ऑफ लॉर्ड्स**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-104, प्रश्न 3

### खण्ड-II

**प्रश्न 5. ब्रिटेन की संसदीय व्यवस्था में कार्यपालिका और विधायिका के परस्पर संबंधों की विवेचना कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-101, 'ब्रिटेन की संसद में कार्यपालिका और विधायिका'

**प्रश्न 6. ब्राजील में संघवाद की प्रकृति का विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-124, 'ब्राजील में संघवाद'

**प्रश्न 7. नाइजीरिया में संघवाद के ढाँचे और उसकी कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-125, 'नाइजीरिया में संघवाद'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) वैज्ञानिक समाजवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-77, 'परिचय' तथा पृष्ठ-79, 'मार्क्सवाद और वैज्ञानिक समाजवाद'

**( ख ) तियानन्मेन आन्दोलन**

**उत्तर–**चीन की राजधानी बीजिंग में तियानानमेन चौक पर तीन और चार जून 1989 को सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने प्रदर्शन का निर्दयतापूर्वक से दमन किया। चीन की सेना ने बंदूकों और टैंकरों के जरिए शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे निशस्त्र नागरिकों का दमन किया। ये लोग बीजिंग के इस प्रसिद्ध चौक पर सेना को रोकने की कोशिश कर रहे थे। यहां छात्र सात सप्ताह से डेरा जमाए बैठे थे।

ये विरोध प्रदर्शन अप्रैल 1989 में चीन की कम्यूनिस्ट पार्टी के पूर्व महासचिव और उदार सुधारवादी हू याओबांग की मौत के बाद शुरू हुए थे। हू चीन के रुढ़िवादियों और सरकार की आर्थिक और राजनीतिक नीति के विरोध में थे और हारने के कारण उन्हें हटा दिया गया था। छात्रों ने उन्हीं की याद में मार्च आयोजित किया था।

1989 में बीजिंग के तियानानमेन चौक पर छात्रों के नेतृत्व में विशाल विरोध प्रदर्शन हुआ था जिसे नगरवासियों से भारी समर्थन मिला। इस प्रदर्शन से चीन के राजनीतिक नेतृत्व के बीच आपसी मतभेद खुलकर बाहर आ गये थे। इस विरोध प्रदर्शन को बलपूर्वक दबा दिया गया और बीजिंग में मार्शल लॉ लागू कर दिया गया। 3-4 जून, 1989 को इस चौक पर सेना ने नरसंहार किया। इन प्रदर्शनों का जिस तरह से हिंसक दमन किया गया, ऐसा बीजिंग के इतिहास में कभी नहीं हुआ था। आज तक इस हिंसक दमन की आलोचना की जाती है और बार बार इस प्रदर्शन में मारे गए छात्रों के परिजनों की आवाज सामने आती है।

■■

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

## तुलनात्मक सरकार और राजनीति का परिचय

**B.P.S.C.-105**

**( Introduction to Comparative Government and Politics )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *यह प्रश्न दो खण्डों में विभाजित है। किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रत्येक खण्ड से दो प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।*

**भाग-I**

**प्रश्न 1. राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन के अर्थ और कार्यक्षेत्र की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'राजनीति का तुलनात्मक अध्ययन : प्रकृति और विषय क्षेत्र'

**प्रश्न 2. व्यवस्था विश्लेषण की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-44, प्रश्न-4

**प्रश्न 3. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) नव-संस्थावाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-36, प्रश्न-3

**( ख ) तुलना की एक विधि के रूप में केस स्टडी**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-18, 'केस स्टडी'

**प्रश्न 4. लोकतंत्र और पूँजीवाद एक-दूसरे से कैसे अंतःक्रिया करते हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-68, 'उदारवादी लोकतंत्र और पूंजीवाद के बीच अंतर्संबंध'

**भाग-II**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) विश्व व्यवस्था सिद्धांत**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-54, 'वैश्विक प्रणाली विश्लेषण'

**( ख ) अति-विकसित राज्य की अवधारणा**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-91, 'अति-विकसित राज्य'

**प्रश्न 6. ब्रिटेन में कार्यपालिका और विधायिका के बीच संबंधों की प्रकृति क्या है?**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-105, प्रश्न-4

**प्रश्न 7. लैटिन अमेरिका में निर्भरता और अल्पविकसितता का संक्षिप्त विवरण दीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-112, 'निर्भरता का विचार'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) ब्राजील में संघवाद**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-128, प्रश्न-2

**( ख ) कानून का शासन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-106, प्रश्न-6

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# तुलनात्मक सरकार और राजनीति का परिचय
## ( Introduction to Comparative Government and Politics )

## तुलनात्मक राजनीतिक की समझ
## (Understanding Comparative Politics)

# राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन की प्रकृति, विषय क्षेत्र और उपयोगिता

## ( Nature, Scope and Utility of Comparative Study of Politics )

1

### परिचय

राजनीति का तुलनात्मक अध्ययन राजनीतिक परिघटना की तुलना से संबंधित है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व के विभिन्न देशों के बीच मुख्य राजनीतिक समानता तथा असमानताओं को दर्शाना है। तुलनात्मक पद्धतियों का प्रयोग मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र आदि में भी किया जाता है। तुलनात्मक राजनीति की प्रकृति तथा विषय क्षेत्र का ऐतिहासिक दृष्टि से निर्धारण तीन प्रकार से हुआ है–विषय-वस्तु, शब्दावली तथा राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में परिवर्तन। परिवर्तन क्यों, कहाँ और कैसे हुए, इसके लिए एक निश्चित ऐतिहासिक काल का अध्ययन करना आवश्यक है। अध्ययन में प्रयुक्त उपकरणों, भाषाओं और अवधारणाओं के अतिरिक्त अन्वेषण के प्रेक्षण स्थल, परिप्रेक्ष्य और उद्देश्य का निर्धारण करना भी आवश्यक है। इस अध्याय में तुलनात्मक राजनीति के विकास, स्वरूप, निरंतरता और विभिन्नताओं तथा ऐतिहासिक संदर्भों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बलों द्वारा इस विकास के निर्धारण के तरीकों का अध्ययन किया गया है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### राजनीति का तुलनात्मक अध्ययन : प्रकृति और विषय क्षेत्र

तुलनात्मक पद्धति का प्रयोग सामान्य रूप से अनेक विषयों में किया जाता है तथा तुलनात्मक राजनीति की विषय-वस्तु, भाषा और परिप्रेक्ष्य वे तत्व हैं, जो इसे अन्य विषयों से अलग करते हैं। किसी विशिष्ट विषय की विषय-वस्तु के अंतर्गत भाषा शब्दावली और परिप्रेक्ष्य राजनीति विज्ञान के व्यापक अध्ययन के विषय के अंतर्गत तुलनात्मक राजनीति की विशेषता को स्थापित करने के लिए आवश्यक है। तुलनात्मक राजनीति के अंतर्गत लोकतंत्र, संविधान, राजनीतिक दल, सामाजिक आंदोलन आदि विषय वस्तुएं सम्मिलित हैं। राजनीतिक विज्ञान के अध्ययन में तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण के माध्यम से अनेक प्रश्नों का उत्तर देना संभव हो पाता है, जो राजनीति वैज्ञानिकों के लिए आकर्षण का केंद्र होते हैं।

**तुलनाएँ : संबंधों की पहचान**

तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण के अंतर्गत बाहरी देशों या विदेशों के अध्ययन के रूप में तुलनात्मक राजनीति से संबंधित अफवाहों को दूर किया जाता है। यदि आप किसी अन्य देश का अध्ययन कर रहे हैं तो आपको एक तुलनावादी कहा जाएगा। साधारणतया इससे अभिप्राय व्यक्तिगत राष्ट्रों के विषय में सूचना एकत्रित करना होता है, जिसमें थोड़ी या अधिक तुलना अंतर्निहित होती है। तुलनात्मक राजनीति के अंतर्गत दो या अधिक राष्ट्रों के अध्ययन के लिए तुलना को आधार बनाया जाता है। दीर्घकाल से तुलनात्मक राजनीति के अंतर्गत समानताएं और विभिन्नताएं ही खोजी जाती रही हैं। राजनीतिक परिघटनाओं का वर्गीकरण किया जाता रहा है, परंतु विद्वानों ने तुलनाओं के प्रयोग का उद्देश्य संबंधों के एक विस्तृत प्रारूप में राजनीति पर घटनाओं का अध्ययन करना बताया है। तुलनात्मक राजनीति का अध्ययन राजनीतिक घटनाओं का उत्तर देने और व्याख्या करने में हमारी समझ का विकास करता है।

www.neerajbooks.com



**तुलनात्मक राजनीति और तुलनात्मक सरकार**

रोनाल्ड चिलकॉट के अनुसार संकल्पनात्मक उलझन के चलते तुलनात्मक राजनीति को सरकारों के अध्ययन से जोड़कर देखा जाता है। तुलनात्मक सरकार का विषय क्षेत्र सरकारों के तुलनात्मक अध्ययन तक सीमित है, परंतु तुलनात्मक राजनीति का संबंध विभिन्न राजनीतिक (सरकारी और गैर-सरकारी) गतिविधियों से है। लंबे समय तक तुलनात्मक राजनीति का सरकारों और शासन प्रणालियों से संबंध रहा है। उपनिवेशीकरण की प्रक्रिया व द्वितीय विश्वयुद्ध ने नए राष्ट्रों के अध्ययन की ओर आकर्षित किया है। तुलना के विस्तार के अंतर्गत राजनीतिक घटनाओं और प्रक्रियाओं का विवेचन करने वाले भावात्मक देश के प्रतिमानों को सम्मिलित किया गया। इसके साथ-साथ अध्ययन के मामलों में वृद्धि और विविधता देखी गई। साथ ही राजनीति के क्षेत्र में भी विस्तार हुआ, जिससे राजनीति के परीक्षण का प्रबंध हुआ, जिसके अंतर्गत राज्य और उसकी संस्थाएं, व्यक्ति, सामाजिक समूहीकरण, राजनीतिक दल, हित समूह, सामाजिक आंदोलन आदि भी सम्मिलित किए गए। राजनीतिक समाजीकरण, राजनीतिक संस्कृति के प्रतिरूप, हित अभिव्यक्ति की क्रिया विधि और हितसमूहीकरण, राजनीतिक भर्ती की शैली, राजनीतिक प्रभाव, उत्पादकता और राजनीतिक उदासीनता की सीमा, सत्तारूढ़ अभिजात वर्ग आदि राजनीतिक प्रक्रिया पर अधिक ध्यान दिया गया। यह व्यवस्थित अध्ययन राष्ट्र निर्माण की दिशा में किए गए, जैसे–जनता के लिए राजनीतिक, सांस्कृतिक पहचान बनाना, राज्य निर्माण, राजनीति के लिए संस्थापक प्रारूप और प्रक्रियाओं की उपलब्धि और आधुनिकीकरण का प्रसार आदि। विश्व राजनीति में अलग-अलग विचारधाराओं के कारण वैश्विक स्तरीय तुलना के उद्देश्य के अधिकांश आधुनिकीकरण प्रतिमान अप्रासंगिक हो गए। इनमें नव स्वतंत्रता प्राप्त राष्ट्रों द्वारा पश्चिमी साम्राज्यवाद की अस्वीकृति, राष्ट्र द्वारा अपनी विशेष पहचान को बनाए रखने की चिंता तथा विकास के समाजवादी मार्ग की ओर अधिकतर राष्ट्रों में सहानुभूति प्रमुख कारक हैं। 1950 और 1960 के दशक में, राजनीतिक सिद्धांत की व्याख्या बड़े पैमाने के प्रतिमानों के आधार पर की गई, जबकि 1970 के दशक में तृतीय विश्ववाद के दावे तथा इन प्रतिमानों को क्षीण होते देखा गया। 1980 के दशक में संकीर्ण होती इकाइयों में तुलना के स्तर में संकुचन देखा गया। वैश्वीकरण के साथ व्यापक स्तरीय तुलना की आवश्यकता बढ़ गई।

## तुलनात्मक राजनीति : एक ऐतिहासिक सिंहावलोकन

तुलनात्मक राजनीति की विषय वस्तु भौगोलिक स्थान अर्थात् राष्ट्रीय क्षेत्र एवं सामाजिक यथार्थ के आधार पर निर्धारित किया जाता है। सामाजिक यथार्थ और परिवर्तन से संबंधित विचार तुलनात्मक अध्ययन विभिन्न उपागमों (पूँजीवाद, समाजवाद, मिश्रित और देशज) को आकार देते हैं।

**राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन की उत्पत्ति**

राजनीति का तुलनात्मक अध्ययन यूनानी दार्शनिक अरस्तू द्वारा 158 राज्यों के संविधानों के अध्ययन के आधार पर प्रस्तुत किया गया था। उनके वर्गीकरण में वर्णनात्मक और मानकीय श्रेणियाँ प्रस्तुत की गई हैं, जिसके अंतर्गत राजनीतिक प्रणालियों का वर्णन और वर्गीकरण किया गया है। अरस्तू ने शासन प्रणालियों को अच्छे और बुरे, आदर्श और विकृत में बाँटा है। प्राचीन रोमन चिंतकों पॉलिबियस तथा सिसेरो ने अरस्तूवादी श्रेणियों को औपचारिक और कानूनी आधारों पर स्वीकृति देकर आगे बढ़ाया। 15वीं शताब्दी में मैक्यावली ने शासन प्रणाली के तुलनात्मक अध्ययन में विभिन्न प्रकार की जागीरों (वंशानुगत, नवीन, मिश्रित और गिरजे संबंधी) तथा गणराज्यों की तुलना की।

**19वीं शताब्दी का अंत और बीसवीं शताब्दी का प्रारंभ**

19वीं शताब्दी के अंत में उदारवाद चरम पर था और यूरोपीय राष्ट्र विश्व राजनीति पर आधिपत्य स्थापित किए हुए थे। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका आदि यूरोपीय उपनिवेशों के प्रभाव क्षेत्र में थे। जेम्स ब्राइस का 'मॉडर्न डेमोक्रेसीज 1921', 'हरमन फाइनर' का 'थिअरी एंड प्रैक्टिस ऑफ मॉडर्न गवर्नमेंट 1932', 'कार्ल जे फ्राइड्रिक' का 'कांस्टीट्यूशनल गवर्नमेंट एंड डेमोक्रेसीज 1937', 'रोबेर्नो निकोलस' का 'पॉलीटिकल पार्टीज 1915' आदि में संस्थाओं के तुलनात्मक अध्ययन, शक्ति वितरण और सरकार की विभिन्न श्रेणियों के बीच संबंध के विषय में अध्ययन किया गया है, जो यूरोप केंद्रित थे। इन अध्ययनों के अंतर्गत अनेक राष्ट्रों को विश्लेषण से बाहर रखा गया है। समकालीन इतिहास के केंद्र में यूरोप रहा है।

**द्वितीय विश्वयुद्ध और उसके पश्चात्**

1930 के दशक में विश्व राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियाँ बदलीं। 1917 में रूस की बोल्शेविक क्रांति के परिणामस्वरूप विश्व में समाजवाद को मंच मिला। द्वितीय विश्वयुद्ध के अंत तक यूरोपीय वर्चस्व का पतन, विश्व राजनीति और अर्थव्यवस्था में संयुक्त राज्य अमेरिका उत्थान और मोर्चाबंदी तथा विश्व का विचारधारा की दृष्टि से दो गुटों (पश्चिमी पूँजीवाद तथा पूर्वी समाजवाद) में विभाजन मुख्य घटनाएँ थीं। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति तक संपूर्ण विश्व यूरोपीय साम्राज्यवाद से मुक्त हो चुका था। उपनिवेशीकरण के चलते विकास, आधुनिकीकरण, राष्ट्र निर्माण तथा राज्य निर्माण आदि विचारों का प्रसार हुआ। नए राष्ट्र विकास के पश्चिमी पूँजीवाद की राह पर चलने को विवश थे। एशिया, अफ्रीका तथा लैटिन अमेरिका के सत्ताधारी अभिजन समाजवाद के समर्थक थे। वहीं दूसरी ओर नए स्वतंत्र हुए देश दोनों शक्ति गुटों से निरपेक्ष रहना चाहते थे। इन्होंने समाजवाद के समरूप विकास के अपने मार्ग को चुना, उदाहरण के लिए भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था का मॉडल पूँजीवाद और समाजवाद का मिश्रण था।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



1940 के दशक तक सरकारों के तुलनात्मक अध्ययन में संस्थाओं एवं उन्हें नियमित करने वाले कानूनी संवैधानिक सिद्धांतों और पश्चिमी उदारवादी लोकतंत्र में उनकी कार्यशैली के अध्ययन से संबंधित था। 1950 के दशक के बीच संस्थापक उपागम की सशक्त समालोचना का प्रादुर्भाव हुआ, जिसकी जड़ें व्यवहारवाद में निहित थीं। इसका उद्देश्य विश्व को वैज्ञानिक कठोरता प्रदान करना और राजनीति के विज्ञान का विकास करना था। व्यवहारवादी आंदोलन के नाम से विख्यात इस अन्वेषण का उद्देश्य परिमाणात्मक तथा आनुभविक परीक्षण के लिए सर्वेक्षण तकनीकों का विकास करना था ताकि मूल्य तथा गैर-आदेशात्मक वस्तुनिष्ठ टिप्पणियाँ और व्याख्याएं प्राप्त की जा सकें। व्यवहारवादियों ने अनेक सामाजिक यथार्थ के अध्ययन का प्रयास किया, जिससे अनेक प्रश्नों का उत्तर दिया जा सकता था; जैसे लोग राजनीतिक दृष्टि से व्यवहार क्यों करते हैं तथा राजनीतिक प्रक्रिया और प्रणालियाँ ऐसे कार्य क्यों करती हैं आदि। लोगों के विभिन्न व्यवहार और राजनीतिक प्रक्रियाओं तथा प्रणालियों के संबंध में 'क्यों' प्रश्नों ने संस्थाओं के कानूनी औपचारिक पहलुओं से तुलनात्मक अध्ययन का केंद्र बदल दिया।

तुलनात्मक राजनीति की प्रकृति तथा विषय क्षेत्र में बदलाव राजनीतिक धारणा की पुनर्संकल्पना तथा तुलना के विकास की जरूरत एवं बदली हुई विश्व राजनीति के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाते हैं। ग्रैबील आमंड और अमेरिकन सोशल साइंस रिसर्च काउंसिल की कमेटी ऑन कंपैरेटिव पॉलिटिक्स ने एक सिद्धांत और एक पद्धति का विकास करना चाह, जो सभी राजनीतिक प्रणालियों (आदिम या उन्नत, लोकतांत्रिक या गैर-लोकतांत्रिक, पश्चिमी या गैर-पश्चिमी) को शामिल करते हुए उनकी तुलना कर सके।

तुलनात्मक राजनीति के विषय क्षेत्र में औपचारिक दृष्टि से कम मात्रा में संरचनावाद अभिकरण, व्यवहार और प्रक्रियाएँ सम्मिलित की गईं। उदाहरण के लिए, राजनीतिक दल, हित समूह, चुनाव, मतदान, व्यवहार, मनोवृत्ति आदि। विश्वभर में अनेक राष्ट्रों के उदय से व्यापक पैमाने पर तुलना करना सरल हो गया। राजनीतिक प्रणाली की धारणाओं ने राज्य का स्थान ले लिया तथा विद्वानों को विधि संपन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं पर विचार करने में सक्षम बनाया, जिससे गैर-पश्चिमी देशों की राजनीति को समझना सरल हो गया। नए राष्ट्रों के उदय ने पश्चिमी तुलनावादियों को आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन का अध्ययन करने का मौका दिया। इस अवधि में तुलनात्मक राजनीति के क्षेत्र में अनेक सैद्धांतिक और संकलनात्मक उपागम प्रस्तुत किए गए। राजनीतिक संस्कृति का अध्ययन, राजनीतिक समाजीकरण, विकासवाद पर आश्रित था और परस्परनिर्भरता, कॉरपोरेटवाद, नौकरशाही, अधिनायकवाद और लोकतंत्र की दिशा के बाद के परिवर्तन आदि। इस शताब्दी में अनेक सार्वभौमवादी मॉडलों का विकास हुआ, जिसमें डेविड ईस्टन का पोलिटिकल सिस्टम, कार्ल ड्यूश का सोशल मोबिलाइजेशन और एडवर्ड शिल का सेंटर एंड पेरीफरी प्रमुख थे। तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण के विकास ने सैनिक संधियों और विदेशी सहायता के द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के अंतर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप का भी अध्ययन किया। इस काल के दौरान किए गए अधिकतर अध्ययन अमेरिकी विदेश नीति के उद्देश्यों के अनुकूल थे। इनमें से लैटिन अमेरिका में प्रोजेक्ट केमलोट और भारत में हिमालयन प्रोजेक्ट सबसे अधिक प्रतीकात्मक थे।

### 1970 के दशक और विकासवाद की चुनौतियाँ

भावनात्मक प्रतिमानों से जुड़े होने के कारण 1970 के दशक के आस-पास विकासवाद की आलोचना हुई, जिनमें इन प्रतिमानों की नृजातीयता पर जोर दिया गया तथा अल्पविकास के सिद्धांत के कार्यान्वयन हेतु तृतीय विश्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। 1970 के दशक के आरंभ में विकासवाद के लिए दो चुनौतियों का सामना करना पड़ा-पराश्रितता और कॉरपोरेटवाद। पराश्रितता के सिद्धांत ने विकास में घरेलू वर्ग कारकों और अंतर्राष्ट्रीय बाजार तथा शक्ति कारकों की अनदेखी किए जाने के लिए विकासवाद के प्रधान प्रतिमान की आलोचना की है तथा सुझाव दिया है कि पहले से ही औद्योगिक राष्ट्रों का तथा विकासशील राष्ट्रों का विकास एक साथ नहीं हो सकता। पश्चिम का विकास गैर-पश्चिम के विकास की कीमत पर हुआ था। अनेक विद्वानों ने अपने अध्ययन में यह सम्मिलित किया है कि पूँजीवाद का प्रसार विश्व के अनेक हिस्सों में विकास को नहीं, अपितु अल्पविकास को प्रोत्साहित करता है। पराश्रितता के सिद्धांत के मार्क्सवादी आलोचकों ने अधिशेष निष्कर्षण के माध्यम से शोषण को राष्ट्रीय स्तर पर न देखकर विश्वव्यापी पूँजीवादी प्रणाली में क्रियाशीलता तथा उनके बीच गठबंधनों के जटिल प्रतिमान के रूप में देखा है।

### 1980 के दशक : राज्य की वापसी

1970 के दशक के अंत तथा 1980 के दशक के आरंभ में तुलनात्मक राजनीति के क्षेत्र में अनेक सिद्धांत एवं विषय-वस्तु प्रतिपादित हुए। इनमें नौकरशाही-सत्तावाद, परिवर्तन की देशज अवधारणाएं, लोकतंत्र की दिशा में परिवर्तन, संरचनात्मक समायोजन की राजनीति, नव-उदारवाद और निजीकरण सम्मिलित थे। एक ओर विद्वानों का मत था कि इन गतिविधियों से क्षेत्र की एकता को तोड़ा जा सकता है, वहीं दूसरी ओर इन्हें स्वस्थ विविधता को जोड़ने के वैकल्पिक उपागम के रूप में देखा जाता था। 1980 के दशक के मध्य तक आमंड तथा ईस्टन ने राजनीतिक प्रणाली के महत्त्व पर तर्क प्रस्तुत किए।

### 20वीं शताब्दी का अंत : वैश्वीकरण और उभरती हुई प्रवृत्तियाँ/संभावनाएँ

**(क) प्रणालियों का अवश्रणियन**–1960 से 1980 के दशक के बीच तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण के अधिकांश विकास को केस के रूप में देखा जाता था, जिनमें चरों को प्रतिमानों से जोड़ा गया, जैसे–नीति, विचारधारा, शासन कार्य का अनुभव आदि। 1980 के दशक में सामान्य सिद्धांत की तुलना में

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



संदर्भ की प्रासंगिकता पर बल दिया गया, जिससे ऐतिहासिक समाजशास्त्र की उत्पत्ति हुई, जो पूरी घटनाओं को ऐसे समग्र संदर्भ में समझने में सहायक है, जिसमें वे घटित होती हैं। प्रतिमानों से दूर हटते हुए निश्चित राष्ट्रों तथा केसों की ओर गहन समाज का विकास हुआ, जिसमें गुणवत्तात्मक और संदर्भित डाटा का मूल्यांकन किया जा सकता है और संस्थानों, परिस्थितियों या विशिष्ट राजनीतिक संस्कृतियों का ध्यान रखा जा सकता है। इसीलिए सांस्कृतिक दृष्टि से अधिक विशिष्ट अध्ययन, जैसे–अंग्रेजी बोलने वाले राष्ट्र, इस्लामी राष्ट्र आदि राष्ट्रीय दृष्टि से विशिष्ट राष्ट्रों, जैसे–इंग्लैंड और भारत एवं संस्थागत दृष्टि से विशिष्ट राष्ट्रों, जैसे–विशिष्ट शासन प्रणाली के अधीन भारत पर जोर दिया गया है। परिणामस्वरूप चुनाव का पैमाना नीचे आ गया है। इससे छोटे क्षेत्रों के स्तर पर भी तुलना संभव हो पाई है। उदाहरण के लिए, इस्लामी विश्व, लैटिन अमेरिका के राष्ट्र, उप-सहारा अफ्रीका आदि।

**(ख) नागरिक समाज और लोकतंत्रीकरण उपागम–** सोवियत संघ के विघटन से 'इतिहास का अंत' नामक धारणा प्रचलित हुई। फ्रांसीसी फुकुयामा ने अपनी पुस्तक 'द एंड ऑफ हिस्ट्री एंड द लास्ट मैन 1992' में तर्क दिया कि मानव सरकार के अंतिम रूप में उदारवादी लोकतंत्र की मान्यता और विजय के साथ विचारों का इतिहास समाप्त हो चुका है। पश्चिमी उदारवादी विद्वानों का मत था कि पश्चिम के औद्योगिक समाज में आर्थिक उन्नति के परिणामस्वरूप औद्योगीकरण के साथ चलने वाले क्षेत्रों की राजनीतिक समस्याएँ हल हो चुकी हैं। इनमें स्वतंत्रता से संबंधित विषय राज्य शक्ति और श्रमिकों के अधिकार प्रमुख हैं। 80 के दशक के पूर्वार्ध में 'एंड ऑफ हिस्ट्री' नामक विचार को 90 के दशक के वैश्वीकरण से जोड़कर देखा गया। वैश्वीकरण का संबंध वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियों से है, जिससे विश्व के सभी भाग परस्पर जुड़ गए हैं, परंतु वैश्विक विश्व में पश्चिमी पूँजीवाद ही विश्व घटित घटनाओं का केंद्रबिंदु है।

पश्चिमी पूँजीवाद के अध्ययनों के अतिरिक्त ऐसे अनेक अध्ययन भी पाए गए हैं, जो स्वायत्तता की माँग, देशज संस्कृति के अधिकार से जुड़े जन आंदोलनों, जनजातियों, दलित और निम्न जातियों के आंदोलनों और नारी आंदोलनों तथा पर्यावरण आंदोलनों के पुनरुत्थान पर विचार करते हैं। इससे पहचान, पर्यावरण, नृजातीयता, लैंगिकता, जाति आदि विषयों ने तुलनात्मक राजनीतिक विश्लेषण को नया स्वरूप प्रदान किया है।

**(ग) सूचना संकलन और प्रसार–**सूचना एवं संचार तकनीकी आँकड़ों के उत्पादन, संकलन और विश्लेषण को सहज, तीव्र और विस्तृत बना दिया है। इन परिवर्तनों से डाटा की उपलब्धि में वृद्धि तथा मुद्दों और प्रकरणों की उत्पत्ति संभव हो पाई है। सामाजिक आंदोलन संगठनों का वैश्विक तंत्र तथा सक्रियतावादियों का वैश्विक तंत्र लोकतंत्रीकरण का महत्त्वपूर्ण पहलू है। उदाहरण के लिए, मेक्सिको के दक्षिणी प्रांत कियापास में जपास्तिस्ना विद्रोह ने अधिकारों, सामाजिक इंटरनेट और वैश्विक मीडिया का प्रयोग किया। मानव अधिकारों के संरक्षण तथा प्रोत्साहन से संबंधित विषय समकालीन विश्व में अत्यधिक प्रासंगिक माने जाते हैं।

## राजनीति का तुलनात्मक अध्ययन : उपयोगिता

तुलनात्मक राजनीति राजनीतिक वास्तविकता से संबंधित समाज को बढ़ाने के लिए उपयोगी है। इसके माध्यम से राजनीतिक व्यवहार को समझा जा सकता है, जो सभी मनुष्य के लिए सामान्य है तथा विश्व में विभिन्न प्रकार से अनेक सामाजिक और संस्थात्मक व्यवस्थाओं से भिन्न होता है।

### सैद्धांतिक सूत्रीकरण के लिए तुलना

तुलना किसी भी मनुष्य के चिंतन का अनिवार्य हिस्सा है। राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन के द्वारा ऐसे निष्कर्षों तक पहुँचा जा सकता है, जो अनेक विषयों के लिए सटीक हो। इसके अंतर्गत राष्ट्रों के विषय में सूचना एकत्रित करने के साथ-साथ सिद्धांत निर्माण परीक्षण पर बल दिया गया है। तुलनात्मक अनुसंधान के लिए नियमों और मानदंडों का विकास करना आवश्यक है ताकि सामान्यीकरण एक से अधिक परिघटनाओं एवं उनके संबंधों के निरीक्षण पर आधारित हो सके।

### वैज्ञानिक कठोरता के लिए तुलनाएँ

तुलनात्मक पद्धति सिद्धांतों को वैज्ञानिक आधार एवं सुदृढ़ता प्रदान करती है, जो सामाजिक वैज्ञानिक परिशुद्धता तथा विश्वसनीयता पर जोर देते हैं उनके अनुसार सामाजिक विज्ञान में तुलना अनिवार्य है क्योंकि सामाजिक परिवर्तनों के अध्ययन में नियंत्रण राजनीति के तुलनात्मक अध्ययन के द्वारा स्थापित किया जा सकता है।

### तुलनाएं जो संबंधों में व्याख्यान की ओर ले जाएँ

तुलनात्मक राजनीति के आरंभिक काल में केवल समानता एवं विभिन्नताओं पर बल दिया गया, जिसके कारण राजनीतिक परिवर्तनों के वर्गीकरण एवं ध्रुवीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ, परंतु विभिन्न विद्वानों का मत था कि तुलनाओं का उद्देश्य समानताओं और भिन्नताओं की पहचान के अतिरिक्त संबंधों के एक विस्तृत प्रारूप के अंतर्गत राजनीतिक परिवर्तनों का अध्ययन करना भी है। इससे हमारी समझ को विस्तार मिलेगा तथा राजनीतिक परिवर्तनों की व्याख्या करने के स्तर का विकास होगा। यह भी कहा जा सकता है कि तुलनात्मक राजनीति का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य नए प्रमाण एवं तर्कों के आधार पर निजी प्रणाली और धारणा से प्रश्न करना है, न कि मात्र दूसरों के विषय में अविश्वासपूर्ण होना।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. तुलनात्मक सरकार किस प्रकार तुलनात्मक राजनीति से भिन्न है?**

**उत्तर–**तुलनात्मक शासन तथा तुलनात्मक राजनीति, राजनीति विज्ञान की दो महत्त्वपूर्ण अवधारणाएं हैं। तुलनात्मक शासन और

www.neerajbooks.com